News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-133
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

इंसान का जमीर और शतरंज का वजीर एक जैसा होता है क्योंकि अगर दोनों मर गए तो खेल खत्मज

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार 17 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## शिकारी खुद बन गया अजगर का शिकार

### फिर भाई ने उठा लिया यह कदम

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
गोपालगंज, अजगर से मवेशियों को बचाने के लिए गांव का एक युवक सुजीत कुमार उसे पकड़ने के लिए पहुंच गया लेकिन शिकारी खुद अजगर का शिकार हो गया। अजगर पकड़ने गये युवक पर उल्टे अजगर ने ही हमला कर दिया। उसके शरीर में जख्म का निशान हो गया। जिससे युवक घायल हो गया जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस बात की जानकारी मिलने के बाद युवक के भाई ने अजगर को पकड़ा और उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंच गया। घटना नगर थाना के हरखुआ गांव की है।



बताया जाता है कि नगर थाना के हरखुआ गांव के नहर के पास एक अजगर पर ग्रामीणों की नजर गई तो यह चिंता सताने लगी की उनके मवेशियों को यह हानि पहुंचा सकता है। अजगर से मवेशियों को बचाने के लिए गांव के ही एक युवक सुजीत ने अजगर को पकड़ने का मन बनाया। गांव के मवेशियों पर अजगर हमला न करें इस बात से परेशान सुजीत उसे पकड़ने के लिए जब पहुंचा तो अजगर ने उस पर हमला कर दिया। जिससे सिर और शरीर पर कई जगहों पर जख्म के निशान हो गये।
बाद में ग्रामीणों ने लड़के को रेस्क्यू कर अजगर के चंगुल से युवक को बाहर निकाला। फिर युवक को गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। अजगर के हमले की सूचना जब घर वालों को मिली तो युवक का बड़ा भाई भोला चौधरी हरखुआं गांव में नहर के पास पहुंचा और उसने करीब 4 से 5 फीट लंबे अजगर को पकड़ लिया। पकड़े हुए अजगर को लेकर वह सदर अस्पताल पहुंच गया। सदर अस्पताल में पहुंचे युवक को भी अजगर ने जकड़ लिया था।
हालांकि अजगर के जकड़न से दूसरे व्यक्ति ने उसके हाथ को मुक्त करा दिया। सदर अस्पताल पहुंचे युवक भोला चौधरी का कहना था कि उसके भाई के ऊपर इसी अजगर ने हमला किया था। इसलिए वह अजगर को लेकर अस्पताल पहुंचा है। ताकि चिकित्सक इसे देखकर उसके भाई का सकुशल इलाज कर सके। हालांकि अजगर को देखने के लिए सदर अस्पताल परिसर में लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। अजगर को देखकर लोग इधर-उधर भागने लगे। लेकिन बाद में फिर अजगर को डायल 112 की पुलिस टीम को सौंप दिया गया। अजगर को अब वन विभाग को सौंपने की तैयारी की जा रही है।

## सिवान में बीजेपी नेता ने खुद को गोली से उड़ाया

### आत्महत्या के एंगल से पुलिस कर रही जांच



**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
बिहार, सिवान में बीजेपी नेता ने खुद को गोली मारकर सुसाइड करने का मामला सामने आया है। बीजेपी नेता की मौके पर ही मौत हो गई है, मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नाथू छाप पंचायत के मीरपुर गांव निवासी सुरेश गिरी के पुत्र अरविंद गिरी आज अचानक गांव के ही फुलवारी में अपने आप को गोली मार कर खुदकुशी कर लिया है। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो देखा कि अरविंद गिरी को गोली लगी है, उसके पास में ही एक रिवाल्वर पड़ा हुआ है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई जहां सूचना मिलते ही दलबल के साथ सदर एजीपीओ मौके पर पहुंचे और घायल को कब्जे में लेकर सिवान सदर अस्पताल भेज दिया, डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर एफएसएल की टीम जांच कर रही है। गांव के मुखिया दिनेश ओझा ने बताया कि %%मृतक का गांव में ही जनरल स्टोर चलता है और वह भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष भी हैं। उनकी पत्नी एएनएम हैं जो सारण जिले के एकमा स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टेड हैं, मृतक के एक पुत्र और एक पुत्री है जो राजस्थान में जॉब करते हैं। खबर लिखे जाने तक आत्महत्या का कारण का पता नहीं चल सका था, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। इस पूरे मामले पर मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया की आत्महत्या करने की सूचना पर उनकी टीम गांव में पहुंची थी, मौके पर पहुंचकर पुलिस पूरे मामले की हर पहलू पर जांच कर रही है, खुदकुशी क्यों की इसकी भी जांच जारी है।

## नीतीश कुमार के संरक्षण में बढ़ रहा अपराधी और बलात्कारियों का मनोबल

### बोले तेजस्वी यादव .... यह तो महज छोटी सी बानगी

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
पटना, बिहार में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। इनको बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से संरक्षण हासिल हो रहा है। यही वजह है कि अपराधी बेख़ौफ़ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और उनके अंदर से पुलिस प्रसाशन का खौफ खत्म हो गया है। यह तमाम बातें बिहार के नेता विपक्ष तेजस्वी यादव कह रहे हैं। दरअसल, राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर बिहार के नेता विपक्ष तेजस्वी यादव लगातार जुबानी हमला बोलते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने एक बार फिर से सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट करते हुए राज्य के अंदर क्राइम ग्राफ पर सवाल उठाया है। तेजस्वी ने कहा है कि दरभंगा में वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप, पुलिस ने ?? करने में ?? दिन और फिर उसके बाद अल्ट्रासाउंड कराने में और दिन लगाए। भाई बोला-प्राइवेट पार्ट में थी चोट और सूजन! मुज़फ़्फ़रपुर में माँ-बाप के सामने नाबालिग लड़की का अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म करने के पश्चात हैवानों ने नाबालिग के ब्रेस्ट और प्राइवेट पार्ट को काटा, बाद में हत्या कर अर्धनग्न शव को पोखर में फेंका। मधुबन में वर्षीय लड़की की घर में घुस कुल्हाड़ी से काट कर हत्या! वैशाली में वर्षीय महिला की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या। इसके बाद भी कोई एक्शन नहीं हो रहा है। इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरपरस्ती में सत्ता संरक्षित अपराधी और बलात्कारियों का मनोबल किस कदर बढ़ा हुआ है यह उसकी दिन की एक छोटी सी बानगी है। बिहार में सरकार का इक़बाल खत्म हो गया है।
प्रदेश में अपराधियों की बहार है। विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। प्रशासनिक व्यवस्था पूर्णरुपेण चौपट है। चहुंओर लूट,अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

## सामूहिक हत्याकांड मामले में कांस्टेबल सूरज ठाकुर गिरफ्तार

### महिला सिपाही नीतू से था अवैध संबंध, घटना के बाद से था फरार

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
भागलपुर, भागलपुर में सामूहिक हत्याकांड मामले में सिपाही नीतू के लवर कांस्टेबल सूरज ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस घटना के बाद से वो फरार था। यह बात जब निकल कर सामने आई कि महिला सिपाही के साथ सूरज ठाकुर का अवैध संबंध था तब से वो पुलिस से बचकर रह रहा था। लेकिन आज उसे पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तारी के बाद सूरज ठाकुर को जेल भेज पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।
बता दें कि भागलपुर पुलिस लाइन में महिला सिपाही नीतू, उसकी बूढी मां, दो बच्चों और पति पंकज की लाश सरकारी क्वार्टर से मिली थी। एक साथ परिवार के 5 सदस्यों की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी थी। इस हत्याकांड में नीतू का प्रेमी कांस्टेबल सूरज ठाकुर को पुलिस ने दबोचा है। सूरज से नीतू का अवैध संबंध था। सूरज उसे असम और दार्जिलिंग घूमा चुका है और इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध में बने थे। दोनों एक दूसरे से प्यार कर बैठे थे। सूरज पर नीतू को परिवारवालों की हत्या के लिए उकसाने का आरोप है। 13 अगस्त की सुबह नीतू के सरकारी।

## हमें बेहतर समाज का निर्माण करना चाहिए : चंदन चौबे



बलात्कार शब्द पढ़ने के बाद ही मन में कुछ छवियां घुमने लगती हैं हम इस विषय पर ध्यान नहीं देते हैं या यूं मान लें की हमने कभी क्रांति नहीं की हां बिल्कुल आपको ये पढ़कर लग रहा होगा की कैंडल मार्च से लेकर जस्टिस मांगने तक का सारा प्रयास निरर्थक हैं? ज़ी हां बिल्कुल
ये सभी निरर्थक ही मानें जाएंगे तब-तक जब-तक हम इसकी तह को नहीं पकड़ते और न इसपर विशेष रूप से ध्यान दें तब-तक सब बेकार हैं
सर्वविदित है कि हम आधुनिक युग में हैं पर हम आधुनिक को सही रूप से
पहचान नहीं पा रहें हैं आधुनिकता का आरंभ या उसका उपयोग हमारे कार्यों को आसान बनाना था पर कहीं न कहीं हम उसके शिकार हो रहें हैं
आप स्वयं यह विचार किजिए की आपके स्क्रीन पर एक किशोरी अर्धनग्न अवस्था में अश्लीलता का खुलेआम प्रदर्शन कर रही हैं वहीं दूसरी तरफ दूसरी किशोरी कुश्ती में पहलवानों से मलयुद्ध कर देश को स्वर्ण पदक एवं जोश से भर रही हैं दोनों में बहुत अंतर हैं जो सीधे-सीधे हमारे दिमाग पर असर करता है पहलवान से लेकर अश्लील हरकत करने वाली किशोरी तक में एक बात की समानता है दोनों के कपड़े छोटे ही हैं पर उनके कार्य हमारे विचार का निर्माण कर रहीं हैं।
स्त्री अपने मूल्यों को नहीं समझ रही -
चार ऐसी स्त्रियां जिन्होंने देश को स्वर्ण युग दिया हो उसका हवाला देकर बचना या अपने कृत्यों के लिए तथाकथित अधिकार का पा लेना तो बहुत आसान पर आज कि महिलाओं को इस बात पर गंभीर रूप से विचार करना चाहिए की उन्होंने जब - जब भी रानी लक्ष्मीबाई हों माता सीता हों या मां दुर्गा की तुलना स्वयं से की है तो अपने भीतर झांककर यह देखा की वो एक प्रतिशत भी उनके तरह हैं या नहीं आज के महिलाओं को यह विचार करना चाहिए की जब आप अर्धनग्न अवस्था में खुले आम सोशल मीडिया पर अश्लील हरकत कर रहीं हैं तो आप समाज में क्या परोस रहीं हैं और आपने यह रास्ता चुना ही क्यूं क्योंकि इस समाज में सफलता को धन से तोला जाता हैं जब आप उन चार महिलाओं का हवाला देती हैं तो आप उनके तरह बनने की कोशिश क्यूं नहीं करती अपने भीतर क्रांति क्यूं नहीं करती ,क्यूं नहीं लड़तीं जिससे बेहतर समाज का निर्माण हो सके।
बालात्कार का कारण -
हम देखावटी की दुनिया में इतने मशगूल हैं की हम सत्य का बोध ही नहीं है और वो दुनिया ऐसे हमपर हावी है की हम आदर्श भी वैसे ही लोगों को मान रहें हैं जब आदर्श इतने नीचले दर्जे के होंगे तो समाज कैसा होगा
हमें इसके लिए लड़ाई लड़नी होगी किसी अस्त्र से नहीं बल्कि सशस्त्र से
हमें पहचानना होगा अश्लीलता का मूल हमें थमानी होंगी पीढ़ीयो को अश्लील के बदले सत्य तब जाकर हम कहीं एक बेहतर समाज का निर्माण कर पाएंगे।
- चंदन चौबे ( स्टेट हेड, सीटी चीफ , बिहार)

### बिहार में शिक्षक के बेटे का अपहरण

## लाखों रूपये की मांगी गई फिरौती सदमें में परिजन

**गोपालगंज।** गोपालगंज में एक स्कूली छात्र का अपहरण हो गया है। छात्र को अगवा करने के बाद अपहर्ताओं ने परिजनों को फोन कर लाखों रुपये की फिरौती मांगी है। फिरौती मांगे जाने के बाद परिजन काफी सदमें हैं। घटना विजयीपुर के जगदीशपुर का है जहां एक टीचर के बेटे को अगबा कर लिया गया है।
बताया जाता है कि विजयीपुर के सारूपाई मिडिल स्कूल के शिक्षक अशोक कुमार मांझी के बेटे हेमंत कुमार का अपहरण बदमाशों ने किया है। फिरौती मांगे जाने के बाद परिजनों ने इस बात की जानकारी विजयीपुर पुलिस को दी। जिसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज की गयी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। बेटे के अपहरण से अशोक मांझी और उनका पूरा परिवार काफी सदमें में हैं और पुलिस से सकुशल बरामद किये जाने की मांग कर रहे हैं।

## एक देसी पिस्टल एवं दो चाकू के साथ तीन गिरफ्तार

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर तरियानी थाना क्षेत्र के सलेमपुर कोठीया मोड़ के पास वाहन जांच के क्रम में तीन व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मथुरापुर थाना



फतेहपुर निवासी शाहनवाज खान पिता कलाम खान तथा कमलेश सिंह पिता स्वर्गीय रामभरण सिंह को तथा बेलसंड थाना क्षेत्र के कोठा निवासी मोहम्मद सुफियान पिता समसुल खान को एक देसी पिस्टल एवं दो चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। तरियानी थाना अध्यक्ष के द्वारा कांड दर्ज कर सभी बिंदुओं की जांच करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार में अपराधियों का तांडव जारी

## सहरसा में दिनदहाड़े जेडीयू नेता की गोली मारकर हत्या, सैलून में दाढ़ी बनाने के दौरान सिर में मारी गोली



**सहरसा**। बिहार में अपराधियों का तांडव जारी है। अपराधी इतने बेखौफ हो गये हैं कि एक के बाद एक क्राइम की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इस बार अपराधियों ने सहरसा में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। जहां सैलून में सेविंग करवा रहे जेडीयू के प्रखंड अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी है।
अपराधियों ने दिनदहाड़े कहरा प्रखंड के जेडीयू नेता जवाहर यादव को हत्या की और हथियार लहराते मौके से फरार हो गये। घटना बनगांव थाना क्षेत्र के बरियाही की है जहां इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। बताया जाता है कि कल मधेपुरा में जेडीयू सांसद दिनेशचंद्र यादव आ रहे हैं उनके स्वागत में नागरिक अभिनंदन समारोह होना था। इस कार्यक्रम में जवाहर यादव भी शामिल होने वाले थे।
कल 17 अगस्त शनिवार के दिन वो दाढ़ी नहीं बनाते थे इसलिए आज शुक्रवार था इसलिए वो सैलून में सेविंग करवाने पहुंचे थे। तभी हथियार से लैस होकर अपराधी पहुंचे और जेडीयू के कहरा प्रखंड अध्यक्ष जवाहर यादव के सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। अपराधियों के भागने के बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।
घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। सदर एसडीपीओ आलोक कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जमीन विवाद के कारण उनकी हत्या की गयी है। फिलहाल घटना के सभी बिन्दुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।
बताया जाता है कि जदयू अध्यक्ष को तीन गोली लगी थी। एक गोली सिर में मारी गयी थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें निजी नर्सिंग में ले गये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कल शनिवार को छुष्ठ सांसद का अभिनन्दन समारोह होना है। जदयू नेता जवाहर यादव इसी कार्यक्रम का आमंत्रण कार्ड बांटकर लौट रहे थे और एक सैलून में हजामत बनाने के लिए रुके थे तभी तीन की संख्या में आए अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी।